# भारतीय ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष और उनके कार्यकाल की सूची (वर्ष 1927 से 2018 तक)

**भारतीय ओलम्पिक संघ किसे कहते है**?

भारतीय ओलम्पिक संघ भारत की राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओए) है। संघ का कार्य ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों व अन्य अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का चयन करना और भारतीय दल का प्रबंधन करना है। यह भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ कि तरह भी कार्य करता है, तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का भी चयन करता है।

| | |
|---|---|
| **देश** | भारत |
| **स्थापना वर्ष** | 1927 |
| **मुख्यालय** | नई दिल्ली |
| **वर्तमान अध्यक्ष** | नरिंदर ध्रुव बत्रा |
| **प्रथम अध्यक्ष** | दोराबजी टाटा |

**ओलम्पिक खेलों में भारत की स्थिति:**

ओलम्पिक में भारत ने सबसे पहले 1900 में, एकमात्र खिलाड़ी के साथ भाग लिया, जिसने एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीते। 1920 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में देश ने पहली बार एक टीम भेजी और उसके बाद से हर ग्रीष्मकालीन खेलों में भाग लिया है। 1964 से शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भी भारत ने कई बार भाग लिया है। 2016 ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक शुरु होने तक भारत के खाते में कुल 26 पदक थे, जो कि सभी ग्रीष्मकालीन खेलों में जीते गए, शीतकालीन खेलों में पदक जीतने में भारत को अभी तक सफलता नहीं मिली है। 1920 और 1980 तक एक लंबे समय तक ओलम्पिक में भारत की राष्ट्रीय **हॉकी** टीम का दबदबा बना रहा। इस बीच हुए हुए 12 खेलों में से भारत ने 11 पदक जीते, जिनमें 8 स्वर्ण पदक थे और 1928 से 1956 तक लगातार 6 स्वर्ण पदक जीते थे।

**भारतीय ओलम्पिक संघ के अध्यक्षों की सूची:**

| **भारतीय ओलम्पिक संघ के अध्यक्षों का नाम** | **कार्यकाल अवधि** |
|---|---|
| दोराबजी टाटा | 1927 से 1928 तक |
| महाराजा भूपिंदर सिंह | 1928 से 1938 तक |
| महाराजा यदाविन्द्र सिंह | 1938 से 1960 तक |
| भलिन्द्र सिंह | 1960 से 1975 तक |
| ओमप्रकाश मेहरा | 1976 से 1980 तक |
| भलिन्द्र सिंह | 1980 से 1984 तक |
| विद्या चरण शुक्ला | 1984–1987 तक |
| शिवान्थि अदिथन | 1987 से 1996 तक |
| सुरेश कलमाड़ी | 1996 से 2012 तक |
| विजय कुमार मल्होत्रा | 2012 से 2012 तक |
| सुरेश कलमाड़ी | 2012 से 2012 तक |
| अभय सिंह चौटाला | 05 दिसम्बर 2012 से 09 फरवरी 2014 तक |
| नारायण रामचंद्रन | 09 फरवरी 2014 से 13 दिसम्बर 2017 तक |
| नरिंदर ध्रुव बत्रा | 14 दिसम्बर 2017 से अब तक |